दिनांक : 10.08.2025
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बीमा क्लेम राशि का वितरण समारोह कल झुंझुनूं में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान देशभर के किसानों को वर्ष 2023–24 और 2024–25 के फसलों के खराबे की राशि बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। प्रदेश के करीब 27 लाख किसानों को लगभग 12 सौ करोड़ रुपए की क्लेम राशि आंवटित की जाएगी। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय कृषि कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी और प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी समारोह में हिस्सा लेंगे। कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल और झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने कार्यक्रम की तैयारियों जायज़ा लिया।

निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 334 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। ये दल 2019 से छह वर्षों तक चुनाव लड़ने की एक भी अनिवार्य शर्त पूरी नहीं कर पाए। इन दलों के कार्यालयों का भी कोई अता–पता नहीं है। इस सूची में राजस्थान के भारत वाहिनी पार्टी, नेशनल जनसत्ता पार्टी, राजस्थान जनता पार्टी सहित नौ दल शामिल हैं। देश के राष्ट्रीय राजनीतिक दल, स्थानीय राजनीतिक दल और पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत चुनाव आयोग में पंजीकृत हैं।

24 अप्रैल से 30 जून के बीच भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद पाकिस्तान को 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में ये आंकड़े इसी सप्ताह साझा किए गए। हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध अब भी लागू है। भारत ने भी अपना हवाई क्षेत्र बंद कर कहा था कि संप्रभुता और सुरक्षा के लिए कोई भी कीमत ज़्यादा नहीं होती। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद उठाया गया था।

केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि 'संडे ऑन साइकिल' पहल ने 'फिट इंडिया' अभियान को एक आंदोलन बनाने में मदद की है। डॉ. मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'संडे ऑन साइकिल फिट इंडिया' कार्यक्रम में ये बात कही। उन्होंने बताया कि अब तक देशभर के 50 हज़ार से ज़्यादा गाँवों के पंचायत प्रतिनिधियों ने इस अभियान में भाग लेकर फिट इंडिया संदेश का प्रसार किया है।

प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का दौर बना हुआ है। भरतपुर और करौली में आज रिमझिम बरसात हुई। वहीं झुंझुनूं जिले के चिड़ावा, किठाना, सुल्ताना और किशोरपुरा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में झमाझम बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, धौलपुर और सवाईमाधोपुर सहित 10 जिलों में तेज़ हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट बताया है। सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रुक–रुक कर आज भी जारी है।

..............

ब्यावर–जोधपुर हाईवे पर आज एक निजी बस के पलटने से 30 से ज्यादा यात्री घायल हो गये। हादसा गोल चौराहे के पास हुआ। ये बस हरिद्वार से लौट रही थी। पुलिस ने बताया कि घायलों को ब्यावर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।

उदयपुर में शिव भक्ति के साथ गवरी लोक नृत्य अनुष्ठान आज से शुरू हुआ। 40 दिन तक चलने वाले इस उत्सव में लोक कलाकार थाली और मांदल की धुनों पर धार्मिक प्रस्तुति देते हैं। इन सामूहिक प्रस्तुतियों में बड़ी संख्या में कलाकार हिस्सा लेते हैं।

भारत के ऋषभ यादव ने चीन में तीरंदाज़ी प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। चेंगदू में कल खेले गये पुरूष व्यक्तिगत श्रेणी में ये जीत हासिल की।

आज विश्व शेर दिवस है। शेरों के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। जंगल के राजा शेर के प्रति जागृति के लिए आज गुजरात के सौराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर समारोह आयोजित किये जा रहे हैं।